डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 106 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 29 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया






## आज से शुरू होगा मौसम में बदलाव, बढ़ेगा तापमान

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में ठंड का असर बना हुआ है। दिन में भले ही तापमान बढ़ा हुआ रहता है। लेकिन, रात के तापमान में गिरावट बनी हुई है। जिले में अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आपस बना हुआ है। लेकिन, आज बुधवार से मौसम में बदलाव होना शुरू होने के संकेत मिल रहे है। तापमान में बढ़ोतरी होने की बात भी कही जा रही है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में अगले दो दिन बूंदाबांदी होने का अनुमान है। हालांकि, अंचल में इसका असर भी देखने को मिलेगा। अंचल के तापमान में भी 2 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार फरवरी की शुरुआत में बारिश के आसार है। उत्तरी हवाओं की वजह से प्रदेश में पिछले 4 दिन से तेज ठंड पड़ रही है। मंगलवार से ठंड से राहत मिल सकती है। दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। वहीं, बारिश का दौर शुरू होगा।

### चार दिन में 2 सिस्टम एक्टिव होंगे...

मौसम विभाग ने 29 जनवरी और 1 फरवरी को दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने का अनुमान जताया है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से फरवरी के शुरुआती 4 दिन तक मौसम बदला रहेगा। 1 से 4 फरवरी के बीच पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

## मोबाईल टावर का विरोध, ट्रैक्टर से जनसुनवाई में पहुंचे लोग

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ नप के वार्ड क्र 05 के रहवासी इलाके में मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर विवाद शुरु हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा मोबाइल टॉवर को लेकर विरोध रोजाना तेज होता जा रहा है। वार्ड के रहवासी मंगलवार को ट्रेक्टर से कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुचे और ज्ञापन दिया। जनसुनवाई में आए लोगों ने कहा कि इस क्षेत्र में प्राचीन मंदिर, मस्जिद, विद्यालय और घनी बस्ती है। इसके बावजूद यहां मोबाईल टॉवर का निर्माण किया जा रहा है। जिससे निकलने वाली रेडिएशन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाएगी। इसकी शिकायत नगर परिषद को भी की जा चुकी है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं विरोध करने पर ठेकेदार के लोग अभद्र व्यवहार कर लड़ाई झगड़े पर उतारु हो रहे हैं।

# साहित्य महोत्सव: नटनागर संस्थान की विरासत या दिखावा..?

### क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि और प्रतिभाओं को किया नजरअंदाज

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। कल अर्थात गुरुवार से सीतामऊसाहित्य महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसमें प्रख्यात वक्ता, कलाकार, पर्यटन और विविध गतिविधियां शामिल हैं। कार्यक्रम में देश के संस्कृति और पर्यटन विभाग भारत सरकार के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, प्रसिद्ध कवि पद्मश्री अशोक चक्रधर, पर्यावरणविद पद्मश्री भालू मोंढे, लेखक और इतिहासकार टीसीए राघवन, और सेवानिवृत्त सर्जन कमांडर उदय एस. कुलकर्णी जैसे दिग्गजों का आना तय बताया जा रहा है।**

इसके साथ ही मंगनियार ग्रुप, सूफी कलाकार राजीव सिंह, अली ब्रदर्स, और तबला वादक निशांत शर्मा जैसे कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन नामों को देखकर यह महोत्सव भव्य और प्रेरक प्रतीत होता है। लेकिन इसके पीछे की योजना और उद्देश्य पर सवाल उठते हैं।

इस साहित्य महोत्सव का मूल उद्देश्य क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो रहा है। साहित्य और सांस्कृतिक आयोजन के बीच मगरमच्छ और ओटर वॉचिंग, चंबल नदी सफारी, बर्ड वॉचिंग और स्टारगेज़िंग जैसी गतिविधियां जोड़ना समझ से परे है। ये गतिविधियां साहित्यिकता और बौद्धिक विमर्श से कितनी जुड़ी हैं? साहित्य महोत्सव को लोक-कल्याण और बौद्धिक समृद्धि का जरिया बनाने की बजाय मानो महज एक दिखावटी आयोजन में बदल दिया गया है।

### सितारों को कहीं से भी देखा जा सकता हैं...

सितारों को देखना एक सामान्य अनुभव हो सकता है, लेकिन इसे स्टारगेज़िंग जैसे विदेशी नाम देकर महोत्सव में जोड़ा गया है। इस तरह की गतिविधियां न केवल महोत्सव की दिशा भटकाती हैं, बल्कि यह सवाल उठाती हैं कि आयोजकों का असली उद्देश्य क्या है? साहित्य को बढ़ावा देना या एक दिखावटी उत्सव का आयोजन करना?

इसके साथ ही सीतामऊ की अपनी एक समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत है, मगर अफसोस कि महोत्सव में इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया गया। सीतामऊकी लोक कला, स्थानीय साहित्यकार, और ऐतिहासिक धरोहरों को इस आयोजन के केंद्र में रखना चाहिए था। इनकी बजाय बाहरी वक्ताओं और फैंसी गतिविधियों पर जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय विरासत और जनता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है।

### स्थानीय लोगों को लाभ की बजाय नुकसान....

सीतामऊ जैसे क्षेत्र में जहां साक्षरता दर पहले ही कम है, वहां इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य क्या है? ऐसे महोत्सव का असली फायदा तभी होता, जब इसे स्थानीय लोगों को सशक्त बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता। लेकिन, ऐसा लगता है कि यह कार्यक्रम बाहरी लोगों के मनोरंजन और महज एक राजनीतिक चमक बढ़ाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय लोगो को इस महोत्सव से लाभ की बजाय नुकसान हो रहा हैं। आयोजन की आड़ में अतिक्रमण के नाम पर मेहनतफरोश लोगो को उनके रोजगार से मुक्त करो दिया गया।

### कलेक्टर की कोशिश अच्छी, लेकिन, उद्देश्य समझ से परे..

कलेक्टर अदिति गर्ग की इस आयोजन को भव्य बनाने की कोशिशें सराहनीय हैं। लेकिन, इसका उद्देश्य और दिशा कहीं न कहीं भटक गई है, ऐसा लग रहा है। अगर सीतामऊकी समृद्ध संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर स्थानीय कलाकारों और जनता को इसमें शामिल किया जाता तो यह आयोजन और अधिक सार्थक होता।

सीतामऊसाहित्य महोत्सव एक अच्छी पहल हो सकता था। किन्तु यह आयोजन अपनी मूल भावना से दूर नजर आता है। लाखों रुपये खर्च करके फैंसी नामों और बाहरी गतिविधियों पर जोर देने से बेहतर होता कि सीतामऊ की लोक कला और साहित्य को बढ़ावा दिया जाता। इस आयोजन को स्थानीय जनता और उनकी आवश्यकताओं के साथ जोड़ना ही इसका असली उद्देश्य होना चाहिए था।

### दो दर्जन लोगों ने ही कराया पंजीयन....

साहित्य महोत्सव जैसे बड़े आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार और प्रभावी डिजिटल उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन, यह आयोजन अपनी शुरुआत से ही खामियों से घिरा हुआ प्रतीत होता है। महोत्सव का पंजीकरण एक ट्ठकोड के माध्यम से किया जा रहा है, जो काफी हद तक प्रभावी प्रचार रणनीति के अभाव में अनदेखा रह गया है। स्थिति यह है कि महोत्सव की आधिकारिक वेबसाइट पर अनुमानित ट्रैफिक ढाई दर्जन लोगों से भी कम है। इतने बड़े आयोजन के लिए डिजिटल आउटरीच की यह स्थिति निराशाजनक ही कही जाएगी।

डिजिटल युग में, किसी भी बड़े आयोजन की सफलता उसके प्रचार और डिजिटल पहुंच पर निर्भर करती है। सीतामऊमहोत्सव की कमजोर डिजिटल रणनीति और पंजीकरण प्रक्रिया पर ध्यान न देना आयोजन की सफलता पर सवाल खड़े करता है। आयोजनकर्ताओं को चाहिए था कि वे डिजिटल प्लेटफार्म और प्रचार के आधुनिक तरीकों को अपनाकर इसे एक व्यापक और सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में काम करते।

### स्थानीय लोगों की कार्यक्रम में उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण

पंरपरागत रूप से सीतामऊका नटनागर शोध संस्थान एशिया की सबसे बड़ी लायब्रेरी के रूप में अपनी अलग ही पहचान रखता है। यहां साहित्य महोत्सव का आयोजन हो रहा है। लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आयोजन की कोई सूचना नही दी गई है। उनकी उपेक्षा की गई है। ये सीधे-सीधे प्रशासन की अकर्मण्यता को दर्शाता है। लोकतंत्र में ये बिल्कुल गलत है, वहीं दुर्भाग्य का विषय है। इस संबंध में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक हरदीपसिंह डंग, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश दिक्षित को अवगत करवाया है।



**अनिल पांडे, पूर्व नप अध्यक्ष, मंदसौर**

# यह पब्लिक है सब जानती है सीएमओ साहब

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिछले पौने तीन साल से नगर पालिका परिषद के पार्षदों के बीच वैमनस्य जैसा वातावरण बना हुआ है। आम उपभोक्ताओं को कर्मचारियों की जिस तानाशाही को भुगतना पड़ रहा है और जो असहनीय दुरावस्था आकार ले रही है। ऐसे सभी विकारों के लिए जिम्मेदार नगर पालिका के सीएमओ सुधीर सिंह मुगालते में प्रशासनिक अखाड़े के प्रतिनिधि बन उतरे तो चौकड़ी ही भूल गए। वो भी ऐसे कि उन्हें याद ही नहीं रहा कि उनके कार्यकाल में ही मंदसौर नगर दुर्गति के करीब पहुंच गया है। जनमत की चिंता भी इन्हें नहीं है और ना ही चुनी हुई परिषद का डर, पर नहर बुरवाने का, पुलिस विभाग को आवंटित भूखंड में दखल देने का दांव अति मुगालते में उल्टा पड़ गया।



अब जब सुधीर सिंह को लगा की जनता को नहीं साधा तो रबड़ी जैसे मीठे शहर को बेआबरू होकर छोड़ना पड़ेगा। तो एक वीडियो के साथ जमीन पर उतर आए और लगे वही परोसने जो नगर में कहीं नजर नहीं आता है। जैसे की सफाई तो हम पूरे शहर में कराते ही रहते हैं, नालों की भी सफाई कराते हैं। नहर की नहीं क्योंकि नहर को तो बुरने की तैयारी थी। अपने सवा तीन मिनट के वीडियो में एक दर्जन से अधिक बार यह दोहराया कि ऐसी या वैसी कोई बात ही नहीं है कि सड़क बना रहे हैं और नाले का स्वरूप बिगाड़ रहे हैं, ऐसी कोई बात ही नहीं है।

जब कोई बात ही नहीं है तो नगर पालिका के सईया को वीडियो क्यों जारी करना पड़ा। अपने मुखवंदन से यह भी स्वीकारा कि हम नालों की, सड़कों की सफाई मशीनों से भी करवाते रहते हैं। लेकिन, जनता को दिखाई नहीं देता है कि हमारे कारण ही आज दशपुर जैसा भी है, वैसा ही है। वरना दिखाने जैसा काम करते तो स्वच्छता में देश में पहली नगर पालिका हो जाती।

मंदसौर नपा को पहले नंबर पर लाना है, ऐसी कोई बात ही हमारे एजेंडा में नहीं है। सच्चे दृश्य को देख भ्रामक खबरें फैलाई जा रही है। जबकि, ऐसी कोई बात ही नहीं है। हम इस मार्ग को शहर को गंदा ही रखते पर मेडिकल कालेज के डीन के पत्र पर हमने सफाई कर दी। बिजली का खंबा शिफ्ट करने की भी तैयारी शुरू कर दी है। जबकि रास्ता पर्याप्त है, सीएमओ साहब, खंबे हटाना है तो पद्मावती रिसोर्ट के सामने इंदिरा नगर के रहवासी आवास के ऊपर से हाई टेंशन लाइन जा रही है, उसे प्राथमिकता से अभी तक हटवा देना था। किन्तु, ऐसी कोई बात नहीं है वाला जुमला यहां भी फिट होता है। खैर और भी कई मामलों में यह जुमला फिट होता है। जैसे हाल ही में बालागंज का वर्षों पुराना पेशाब घर तुड़वा दिया। जिसकी रहवासियों ने तो शिकायत नहीं की थी। लेकिन, पालिका के अदृश्य कर्मचारियों ने तोड़ दिया और बताने को तैयार नहीं है किसकी शिकायत पर तोड़ा गया !

आश्चर्य की बात तो यह है कि नगर पालिका प्रशासन कुछ कर दे और वरिष्ठ कार्यालय या अधिकारी ठास दे, तब भी सीएमओ की मानना पड़ेगी की ऐसी या वैसी कोई बात ही नहीं है। पर क्या पालिका में उनके मुंह लगे कर्मचारी 10 से 15 दिनों तक अनुपस्थित रहने के बाद भी हाजिरी रजिस्टर पर दस्तक कर पूरे महीने की हाजिरी दर्शाते हैं! यह भी ऐसी या वैसी बात नहीं है की जॉइनिंग के समय खुद की मांग थी, जिसमें दो वाहन चालक और चार महिला और चार पुरुषकर्मी शामिल थे ! जब ऐसी या वैसी कोई बात ही नहीं थी, तब क्यों पब्लिक में सफाई देना पड़ रही है। और अगर अपने कामों का बखान करने की आदत थी तो पहले कभी क्यों पब्लिक के सामने खुद या वीडियो के मार्फत सफाई नहीं दी ? खैर अगर कोई खेला किया गया है तो दाम भी देना पड़ेगा साहब, ये पब्लिक है सब जानती है। जितना छुपाओगे उतना ज्यादा जान जाएगी, आंखें हो तो देख लेना..!

### खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते...

# एक जेसीबी एवं 2 ट्रेक्टर जप्त किए



**नीमच, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है।

मनासा क्षेत्र से लगातार अवैध उत्खनन एवं परिवहन की प्राप्त हो रही शिकायतों की जांच में आज दिनांक 28.01.2025 को ग्रमा भाटखेडी में मुरूम के अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर खनिज विभाग अपने दल के साथ ग्राम भाटखेडी पहुँचा जिला खनिज अधिकारी श्री आरिफ खान ने बताया कि सर्वेयर श्री सुनिल जाधव मय होमगार्ड सैनिकों के मौके पर पहुँचे ग्राम भाटखेडी में स्थित तलाई से मुरूम का अवैध उत्खनन करते हुए 01 जेसीबी तथा 01 ट्रेक्टर भरा हुआ जप्त किया एवं भाटखेडी में ही सड़कमार्ग से रेत का अवैध परिवहन करते हुए 01 ट्रेक्टर जप्त किया गया। वाहन चालको द्वारा बताया गया कि उक्त मुरूम को वे भाटखेडी में निर्माणाधीन पैट्रोल पम्प पर भराव का कार्य कर रहे है। इस प्रकार 01 जेसीबी एवं 02 ट्रेक्टर जप्त किए जाकर थाना मनासा की अभिरक्षा में दिये गये। प्रकरण कलेक्टर महोदय केन्यायालय में प्रेषित किया जाएगा। खनिज अधिकारी श्री खान ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही चलती रहेगी।

### ट्रेलर में सोते समय गिरा लोहे का सामान, कर्नाटक से कंबल बेचकर लौट रहे थे

# नीमच के चार युवकों की महाराष्ट्र में मौत

**नीमच, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाराष्ट्र में हुए एक हादसे ने नीमच जिले के एक परिवार की खुशियां छीन लीं। कर्नाटक से कंबल बेचकर लौट रहे बंजारा समाज के एक ही परिवार के चार युवकों की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले में दर्दनाक मौत हो गई। चारों आपस में रिश्ते में भाई लगते हैं। उन्होंने दुर्घटना से पहले उसी ट्रेलर में वीड्यिो भी बनाया था, जिसमें ये हादसा हुआ। मृतकों की पहचान दीवान बंजारा उम्र 28 वर्ष, निर्मल बंजारा उम्र 19 वर्ष, विजय बंजारा उम्र19 वर्ष और विक्रम बंजारा उम्र18 वर्ष के रूप में हुई है।

घटना सोमवार देर रात की है। युवक अक्टूबर में कर्नाटक गए थे और तीन महीने बाद घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने नीमच जा रहे एक ट्रेलर से लिफ्ट ली। ट्रेलर में लोहे का भारी सामान लदा था। युवकों ने अपनी बाइक और सामान ट्रेलर में रख लिया और खुद ट्रेलर के अगले हिस्से में बिस्तर लगाकर लेट गए। रात 11 से 12 बजे के बीच अचानक ट्रेलर में सामान को बांधने वाला बेल्ट टूट गया। इससे लोहे का भारी सामान युवकों पर गिर गया। सामान के नीचे दबने से चारों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खड़ावदा गांव में मातम छा गया। कुकड़ेश्वर थाना पुलिस मामले में तफ्तीश कर रही है।



### केबिन में बैठा साथी बचा...

मृतकों के साथ अनिल पिता पप्पू लाल भी था, जो कि ड्राइवर के साथ केबिन में बैठा होने के कारण बच गया। घटना के समय चारो युवक ट्राले में सोए हुए थे। घटना महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर ओर तुकी नगर के बीच जंगल की बताई जा रही है। अचानक हुए इस दर्दनाक घटना से परिजन ओर ग्रामीणों के साथ क्षेत्र ओर बंजारा समाज में शोक की लहर छा गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन संभाजी नगर के लिए रवाना हो गए हैं। जहां सभी युवकों के शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा और उसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### ट्रेलर में बनाया मौत से पहले वीडियो...

जिस ट्रेलर में युवक हादसे का शिकार हुए हैं। उस ट्रेलर में युवकों द्वारा मौत से कुछ घंटे पहले बनाया गया एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें युवक डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं और पीछे लोहे का भारी सामान रखा हुआ है।

# एमपी बोर्ड परीक्षा:नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कॉपी

**32 पेज की उत्तर पुस्तिका में ही हल करना होगा पूरा प्रश्न पत्र, बारकोड लगे होने से नहीं होगी उत्तर पुस्तिका में हेराफेरी, प्रवेश पत्र जारी**

**भोपाल, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हो रही है। इस बार विद्यार्थियों को मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही पूरा प्रश्न पत्र हल करना होगा। यह उत्तर पुस्तिका 32 पेज की होगी। अभी तक 20 पेज की उत्तर पुस्तिका दी जाती थी। इस बार से उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठपर बार कोड भी लगा रहेगा, जिससे इसके हेरफेर की संभावना नहीं रहेगी। विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं मिलेगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई।

### यह है परीक्षा को लेकर खास...

✻ उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी या टूटी तो माना जाएगा नकल ✻ इस साल दोनों कक्षाओं के 16.61 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। साथ ही परीक्षा कार्य में करीब 45 हजार अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी शामिल होंगे। ✻ बैठक में यह निर्णय भी हुआ कि सिलाई खुली हुई उत्तर पुस्तिका को नकल प्रकरण में दर्ज किया जाएगा। बैठक में परीक्षा संबंधी जरूरी व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। ✻ नकल पर रोक लगाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इस बार प्रश्नपत्रों के बंडलों को थाने से निकालने और वितरित करने में कई सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। ✻ अगर उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी, टूटी या कम पेज की पाई ... शेष पेज 4 पर

### परीक्षा प्रवेश पत्र जारी...

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) परीक्षा वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र mpbse.mponline.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

# लहसुन और चिया की फसल के बीच उगा रखे थे गांजे के पौधे

### 670 पौधे जप्त, किसान दशरथ प्रजापति गिरफ्तार

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भावगढ़ थाना पुलिस ने एक किसान के खेत में अवैध रूप से उगाये गये 670 गांजे के पौधे जप्त किये हैं। इनका वजन करीब डेढ़ क्विंटल हैं। मामले में आरोपी किसान को गिरफ्तार कर गांजे के पौधे जप्त कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 28 जनवरी को मुखबीर सूचना मिली की धंधोडा - बेहपुर रोड दशरथ प्रजापति के खेत में उसके द्वारा गान्जे के पौधे लगाकर खेती कर रहा है। सूचना पर हमराही फोर्स की दशरथ प्रजापति के खेत पर पहुंच कर लहसुन व चीया की फसल में बो रखे अवैध मादक पदार्थ गांजा के 670 गिले छोटे बड़े पौधे मिले। जिसका तौल करने पर वजन 01क्विंटल 40 किलो ग्राम निकला। जप्त गांजे की कीमत 09 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई हैं। मामले में आरोपी किसान दशरथ पिता रामलाल प्रजापति उम्म्र 32 वर्ष निवासी बेहपुर थाना भावगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कांग्रेस की नई जय भीम, जय बापू, जय संविधान यात्रा ने राजनीति में हलचल मचा दी है...

**मंदसौर/उज्जैन, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली महू से राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने जन जागरण अभियान के लिए यात्रा शुरू की है। इसके शुभारंभ में शिरकत करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ राहुल गांधी भी महू पहुंचे थे। इनके अलावा कर्नाटक के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी उपस्थित थे। कांग्रेस के प्रदेश भर से कार्यकर्ता और पदाधिकारी तो पहुंचे ही थे। विशेष चिन्हित करने वाली घटना यह थी कि अखिल भारतीय काशीराम फाउंडेशन की चेयरपर्सन उनकी बहन स्वर्णी कोर और उनके भतीजे लखबीर सिंह भी मंच पर राहुल गांधी को इसलिए आशीर्वाद देने पहुंचे थे कि बाबा साहेब अंबेडकर के बने संविधान को बचाने की लड़ाई ईमानदारी से लड़ रहे हैं। जबकि, आधुनिक भारत के सबसे बड़े दलित नेता स्व. काशीराम की राजनीतिक उत्तराधिकारी मायावती नदारत थी।



चन्द्रमोहन भगत

चूंकि आयोजन कांग्रेस का राजनीतिक ही था। पर उद्देश्य संविधान को बचाना, दलितों का उद्धार और बापू की विचारधारा को फिर से देश के युवा जनमत की विचारधारा बनाना है। इसलिए जय संविधान, जय भीम, जय बापू यात्रा का नाम रखा गया है। जिस तरह से कार्यकर्ता उमड़े थे, ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस ने बड़े वर्ग की भावना पर अपना असर जमाना शुरू कर दिया है। सामान्य राजनीतिक दृश्य देखकर भी साफ कहा जा सकता है कि जैसे-जैसे देश के वित्तीय हालत बिगड़ रहे हैं। केंद्र सरकार की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में साख घट रही है। करीब के पडोसी राष्ट्रों से संबंधों में तनाव बढ़ता जा रहा है। वैसे-वैसे आम मतदाता 11 साल बाद चिंता पाले हुए अब विकल्प तलाशने में लगा है। स्वाभाविक तौर पर नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार का विकल्प अभी कांग्रेस समर्थित दल इंडिया ही है। एक तरफ इंडिया गठबंधन में आपसी विवादों के गहराने के समाचार आम है। जैसे दिल्ली में आप पार्टी और कांग्रेस अलग होकर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ राहुल गांधी की देश दुनिया में बढ़ती लोकप्रियता का लाभ कांग्रेस और समर्थित दल इंडिया को मिलेगा। यह भी संभव है कि कांग्रेस की इस यात्रा के बाद अगर दलित पिछड़ा और अन्य उपेक्षित वर्गों का अपेक्षित समर्थन मिला तो स्वत: ही जनमत के साथ इंडिया का ग्राफ उंचाई की ओर बढ़ने लगेगा।






## लदूसा स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठजी) मंदिर के...

# भण्डार से निकली 5 लाख 25 हजार रू. की दानराशि

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम लदूसा स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठजी) मंदिर में रखी दानपेटियों की दानराशि की गणना मंदिर समिति के सदस्यों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में की गई। जिसमें 5 लाख 25 हजार 113 रू. की राशि प्राप्त हुई।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के महेश व्यास लदूसा ने बताया कि मंदिर हर माह की चतुर्दशी पर मंदिर में रखी दानपेटियों की गणना की जाती है। इस बार कृष्ण पक्ष की चतुदर्शी दिनांक 28 जनवरी को दानराशि की गणना की गई। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई 5 लाख 25 हजार 113 रू. की राशि प्राप्त हुई जिसको समिति के बैंक खाते में जमा किया गया।

महेश व्यास लदूसा ने बताया कि विगत दिनों मंदिर की तृतीय वर्षगांठ का भव्य आयोजन दिनांक 14 से 20 जनवरी तक हुआ था। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर दर्शन हेतु पहुंचे थे उसमें भव्य महाप्रसादी का 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लाभ लिया था। सात दिवसीय भव्य आयोजन में भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य ज्ञानानंदजी तीर्थ, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक विपिन जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्य आयोजन में मंदिर प्रांगण पर हेलीकॉप्टर से दिनभर पुष्पवर्षा की गई थी। 26 जनवरी को कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग व पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द, एडीएम सहित प्रशासनिक अमले ने भी पधारकर भगवान के दर्शन किये थे। 29 जनवरी, बुधवार को अमावस्या के दिन सायं 7 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन रखा गया है। उसके पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन किया गया है जिसके लाभार्थी श्री गोपाल पिता शंकरलाल घोड़ावत निवासी दलौदा परिवार रहेंगे। मंदिर समिति ने सभी धर्मालुजनों से महाआरती व महाप्रसादी में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## उत्कृष्ट विद्यालय एवं माडल स्कूल में प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से होंगे

**नीमच, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तकरीय उत्कृष्ट विद्यालयों एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूलों में सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रक्रिया 16 जनवरी से प्रारंभ की गई हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी हैं। राज्य ओपन बोर्ड के द्वारा प्रवेश हेतु प्रतिवर्ष चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता हैं। आवेदक एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से चयन परीक्षा हेतु आवेदन प्रस्तुत करेंगे। चयन परीक्षा शुल्क 200 रूपये निर्धारित है, जिसे ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय जमा करना हैं। चयन परीक्षा की तिथि 8 मार्च 2025 सम्भावित हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया ने बताया, कि उक्त चयन परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर संचालित शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. तथा मॉडल स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर, अध्ययन का अवसर प्राप्त होता है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों एवं मॉडल विद्यालयों में बेहतर व्यवस्थाएं प्रदान की गई हैं। जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस हेतु आवेदन प्रस्तुत कर चयन परीक्षा में शामिल होने का आगृह जिला शिक्षा अधिकारी श्री मांगरिया ने किया हैं।



# गनेड़ीवाल परिवार ने बस स्टेण्ड हेतु शासन को भूमि दान की

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के मल्हारगढ़ में बस स्टेण्ड निर्माण हेतु मंदसौर के समाजसेवी गनेडीवाल परिवार ने अपनी भूमि दान कर एक बार फिर से जनहित का कार्य किया है।

विगत दिनों प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और मल्हारगढ विधानसभा से विधायक जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ में नवीन बस स्टेण्ड के लिए घोषणा की थी। स्थल चयन के लिए भूमि भी आवंटित कर दी गई थी। लेकिन वृहद स्तर पर बनने वाले बस स्टेण्ड के लिए ओर भूमि की आवश्यकता थी ऐसे में मंदसौर के समाजसेवी गौतम गनेडीवाल आगे आए और मल्हारगढ में नवीन बस स्टेण्ड हेतु अपनी बेशकीमती जमीन को शासन को दान कर दी। जिसके तहत सोमवार 27 अगस्त को गौतम गनेडीवाल ने उक्त जमीन की दान पत्र के माध्यम से रजिस्ट्री शासन के नाम करवाई। इस ईश्वरीय कार्य के लिए श्री गनेडीवाल का शाल श्री फल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार ब्रजेश मालवीय, अपर लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान, नगर परिषद मल्हारगढ उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश कछावा, एड्वोकेट वर्धमान जैन, एड्वोकेट कृष्णकांत सेन, पटवारी योगेन्द्र राठौर, पंकजदास बैरागी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्र सर्वोपरी की भावना से ही देश का विकास संभव-सीए जैन



**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जब हम अपने कार्यों में राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करते हैं तो हमें दुगुनी सफलता मिलती है और राष्ट्र भी प्रगति के राह पर तेजी से आगे बढता है। हम उस प्रोफेशन में कार्य कर रहे हैं जहाँ हमारे हस्ताक्षर पर प्रत्येक राष्ट्रवासी विश्वास करता है। हमारा यही प्रयास होना चाहिये कि हम जिस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करें, उसमें कानून का पूर्ण परिपालन हुआ हो।

उक्त विचार मन्दसौर सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मन्दसौर ब्रांच में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयकर अधिकारी श्री संजीव कुमार मलिक ने कहा कि हमारे देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिये अनेक वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। उनके बलिदानों का सम्मान करते हुए हमें देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिये हरसंभव प्रयास करना चाहिये। सेना का हर जवान पूर्ण निष्ठा के साथ अनुशासन का पालन करता है और प्रत्येक नागरिक को उनसे प्रेरणा ग्रहण कर अपने जीवन के प्रत्येक कार्य में अनुशासन को विशेष महत्व देना चाहिये। जैन महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाजसेवी श्री गजराज जैन ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित सदस्यों से राष्ट्र की प्रगति की दिशा में कार्य करने की अपील की। कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश पारिख ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को मन्दसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया व पूर्व अध्यक्ष सीए विरेन्द्र जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीए परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का भी ब्रांच द्वारा सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन मन्दसौर ब्रांच के सचिव सीए विकास भंडारी ने किया। इस अवसर पर मन्दसौर ब्रांच के सदस्य, उनके परिवारजन व सीए विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे।



## सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेटस ने जीता जूनियर डिवीजन जिला परेड में प्रथम पुरस्कार

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेटस ने स्थानीय कॉलेज ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जूनियर डिवीजन परेड प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत मंदसौर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सभी के समक्ष अपनी अविस्मरणीय छाप छोडी। साथ ही कैडेटस की योग्यता को देखते हुए उन्हें मुख्य अतिथि को मंच तक ले जाने हेतु भी चुना गया।

कैडेटस की इस शानदार जीत पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक व समिति के सहसचिव श्री सुनील शर्मा, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, कमांडेड कर्नल एसएम सिंह, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड, इंस्ट्रक्टर्स, समिति परिवार व समस्त शिक्षको ने कैडेटस को बधाई देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

# नेहरू युवा केंद्र मंदसौर द्वारा विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नेहरू युवा केंद्र मंदसौर एवं जिला युवा कल्याण एंव खेल विभाग के सहयोग द्वारा विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 31 जनवरी को आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम बूढ़ा ब्लॉक मल्हारगढ़, 4 फरवरी को पैरामाउंट स्कूल मंदसौर रोड विकासखण्ड सीतामऊएवं 3 फरवरी को अटल बिहारी वाजपेयी खेल मैदान दलौदा विकासखण्ड मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5 फरवरी,को किया जाएगा। जिसमें 15 से 29 आयु के युवा जो मंदसौर जिले के सम्बंधित विकास खण्ड के निवासी हो वह प्रतिभागिता कर सकेंगे। सामूहिक प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए रस्सा कस्सी एवं महिला वर्ग के लिए खो-खो प्रतियोगिता रहेगी। एकल प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग हेतु दौड एवं गोला फेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले विजेता एवं उप विजेता खिलाडियों को शिल्ड एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय नेहरू युवा केंद्र मंदसौर अथवा आनंद फुलोद मो. 6263541928, मुकेश भटेवरा मो. 9981795075, अभिषेक सेठिया मो. 9407062045, संजय चौहान मो. 9893336117, नीलेश कुशवाहा मो. 6264216337, गोपाल धनगर मो. 9669180577 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता में अंतिम निर्णय निर्णायकों का रहेगा।

## मशाल जलाकर प्रदर्शन किया

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मंदसौर के आउटसोर्स, ठेका, औद्योगिक, दैनिक वेतन भोगी, नल चालक, भृत्य, ग्रिड ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर ने 27 जनवरी संध्या को स्थानीय गांधी चौराहे पर मशाल प्रदर्शन किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए यूनियन के जिला महासचिव बालू सिंह और अध्यक्ष गोपालकृष्ण मोड ने बताया कि उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश के स्पष्ट निर्णय के बाद भी प्रदेश के संगठित और संगठित क्षेत्र के मजदूर कर्मचारियों को बढ़ी हुई दर से न्यूनतम वेतन प्रदेश सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है, इससे प्रदेश के मजदूर कर्मचारियों में भयानक असंतोष है और इस मेहनतकश तबके ने सरकार के इस नकारा रवैये के विरोध में पूरे प्रदेश में 27 जनवरी की शाम मशाल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया है।

## सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सीए ब्रांच मंदसौर सम्मानित



**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गत वर्ष सीए ब्रांच मंदसौर द्वारा सामाजिक एवं सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये। जिस पर गणतंत्र दिवस की संध्या कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित हुए भारत पर्व में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग व पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन एवं सचिव सीए विकास भण्डारी को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष सीए ब्रांच मंदसौर द्वारा विद्यार्थियों व जनहित में अनेक सेमिनार, रन फॉर विकसित भारत मैराथन का आयोजन, पौधारोपण, महिला सीए साथियों का सम्मान जैसे कई कार्य किये गये। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर मंदसौर ब्रांच की प्रशंसा हुई है। इन्हीं कार्यों के मद्देनजर राष्ट्रीय पर्व पर सीए मंदसौर ब्रांच को सम्मानित किया गया। सीए मंदसौर ब्रांच को यह सम्मान मिलने पर सीए ब्रांच के .सीए वीरेन्द्र जैन, सीए राजेश मंडवाड़िया, सीए नयन जैन ,सीए अर्पित नागदा ,सीए विनय अग्रवाल आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# शाउमा विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**कुचड़ोद, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समीपथ ग्राम कुंचडौद स्थित ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। प्रात:काल सरपंच कारूलाल भील के द्वारा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रेम सिंह पवार, सरपंच कारूलाल भील, उपसरपंच बिहारीलाल गोयल, सचिव प्रहलाद शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य गोपाल



गुजरिया, योग गुरु बंशीलाल टाक सहित बडी संख्या में ग्रामवासी व मातृशक्ति उपस्थित रहे। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन बिहारीलाल गोयल ने दिया। पतंजलि योग गुरु बंशीलाल टांक मंदसौर-दलौदा से सीधे उज्जैन-भोपाल की ओर जाने वाले डम्पर-ट्रक-बस आदि की वजह से बस स्टैण्ड पर घण्टों भारी जाम के कारण पृथक बायपास के लिये प्रस्ताव रखने पर उपसरपंच बिहारीलाल गोयल ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही जारी होने के साथ ही एक उचित बस स्टेण्ड और गांव की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिये की जा रही जानकारी से अवगत कराया। प्रेमसिंह पंवार, गोपाल गुजरिया, कृषि विस्तार अधिकारी के.डी. कबीरपंथी ने भी संबोधित किया। भागीरथ सुराणा ने राष्ट्रीय गीत गाया और टी.बी. बीमारी उन्मूलन जागरूकता की शपथ यशोदा खड़े ने दिलाई। संचालन डॉ. यू.आर. पंचोली ने किया व आभार सहायक सचिव माधुरी जैन ने माना।




## मिशन मंदसौर की पहल रंग लाई पवित्र नगरी बनी, इसलिए होगी शराबबंदी-पार्षद बंसल

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पार्षद एवं समाजसेवी सुनील बंसल ने श्री पशुपतिनाथ महादेव भक्तों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जिन 17 शहर को शराब मुक्ति के लिए चयनित किया है उसमें मंदसौर भी शामिल है। इसके पीछे की पृष्ठभूमि में मंदसौर नगर को पवित्र नगरी घोषित करने का एक अभियान रहा जो मिशन मंदसौर के माध्यम से खूब जोर-शोर से चलाया गया था। इस अभियान के अंतर्गत 50 हजार पोस्ट कार्ड लिखे गये थे उसी का परिणाम रहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर नगर को भी पवित्र नगर घोषित किया और आज उसी मापदंड के आधार पर मंदसौर में भी शराबबंदी लागू होगी। श्री बंसल ने अपने इस वक्तव्य में आगे कहा कि मंदसौर नगर की जनता का लाख-लाख धन्यवाद है जिन्होंने मिशन मंदसौर के आह्वान पर हजारों की संख्या में पोस्टकार्ड लिखकर तत्कालीन मुख्यमंत्री को भेजें और वह अभियान सफल रहा और आज मंदसौर नगर शराब मुक्त होने जा रहा है। श्री बंसल ने आमजनों से यह अपेक्षा व्यक्त की है कि जब-जब भी नगर के हित में कोई अभियान चलाया जाए इसी तरह सबका सहयोग प्राप्त होता रहे तो निश्चित ही इस शहर को वे सारी सौगातें मिलेगी इसके लिए मंदसौर अपना हक रखता है।

## जनसुनवाई में 65 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 65 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीती संघवी, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्वालटोली के ताराचंद, मुकेश ग्वाला, मेलकी मेवाड की देऊबाई, मुलचंद मार्ग नीमच के विजय, विमल, सीमा राजोरा, मेलानखेडा के मदनलाल भाट, उपरेडा के मुकेश, बंगला नंबर 19 के विनोद कुमार शर्मा, अल्हेड की शांतिबाई, माधवगंज मोहल्ला नीमच सिटी की नन्दुबाई, नीमच की मीरा मराठा, हनुमंतिया रावजी के बंशीलाल, बामनबर्डी की कंचनबाई मेघवाल, डीकेन के जगन्नाथ, पिपलोन के विनोद, नीमच सिटी की लक्ष्मी यादव, ढाबा की पूजा जाटव, बोरखेडी तालाब के धीरज, हिंगोरिया की सुनिता चौहान, कुकडेश्वर के गोपाल पारासर, गांधी नगर धानमण्डी जीरन के पवन कुमार, राजस्व कॉलोनी नीमच की योगीता, रतनगढ के गोपालकृष्णल, हासपुर की घीसीबाई आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## जिले की सभी आगनवाड़ियों को सक्षम बनाने की कार्य योजना तैयार करें-चंद्रा

### कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**नीमच, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की सभी आंगनवाडी केंद्रों को सक्षम आंगनवाडी बनाने और उन्हें अपग्रेड करवाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर, प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में केंद्र सरकार द्वारा संचालित 11 महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित 11 फ्लेशिप योजनाओं के तहत अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभांवित करने का लक्ष्य तय कर, कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। उन्होने पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिकाधिक लोगो को प्रेरित कर, सौलर पैनल लगवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में कहा, कि सभी जिला अधिकारियों ने अच्छा कार्य किया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्हो ने कहा, कि सभी विभाग अभी से सीएम हेल्पिलाईन शिकायतों का निराकरण प्रारंभ कर दें। चालू माह की शिकायतें एवं पुरानी शिकायतों का भी संतुष्टी के साथ निराकरण करवाए। कलेक्टर ने 100 दिवस की समाधान ऑनलाईन में दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होवने सभी एल-1 अधिकारियों को अपने स्तसर पर ही प्राप्त शिकायतों का संतुष्टी के साथ निराकरण दर्ज करवाकर, शिकायतें बंद करवाने के निर्देश दिए।

# अधिकारों के साथ कर्तव्य भी समझे गण...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया। संविधान ही वह दस्तावेज हे जिसमे वर्णित मौलिक अधिकारो के बल पर हम देश के प्रत्येक कोने में अपनी सभी प्रकार की स्वतंत्रता का आनंद उठाते हे। किसी भी प्रकार का अन्याय होने पर यही मौलिक अधिकार हमारी ढाल बन जाते हे। हर भारतीय स्वयं को भाग्यशाली समझता हे की उसे ऐसे संवैधानिक अधिकार मिले जिनसे वह अपने जीवन को बिना किसी भय के व्यतीत कर सकता हे। हम सब मौलिक अधिकारो की बात तो बडे जोर शोर से करते हे लेकिन जब बात आती हे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की तो हम सब पीछे हटने और टालमटोली वाली स्तिथि में आ जाते हे। इसी संविधान ने हमे समाज व देश के प्रति जो जिम्मेदारी तय करने के कर्तव्य दिए उनकी बात या तो कोई करना नही चाहता या जानबूझकर नही करते। मतलब साफ हे की हम पाना तो सबकुछ चाहते हे लेकिन बदले में या अपना दायित्व समझकर कुछ करना नही चाहते। किसी भी राष्ट्र का कार्य और व्यवहार ही उसके गणतांत्रिक मूल्यो की कुंजी व पूंजी हे। गणतंत्र दिवस मनाते समय प्रत्येक नागरिक को यह विचार मंथन तो करना ही चाहिए की गणतंत्र को मजबूत करने वाले संविधान के उद्देश्यो की पूर्ति करने में हम कितने सफल हुए हे? इसकी समीक्षा विश्लेषण की जिम्मेदारी केवल भारत के गणो अर्थात नागरीको के कंधे पर हे। गणतंत्र दिवस का यह पावन राष्ट्रपर्व एक दिन की छुट्टी का अवसर नही हे ना ही यह दिन हमारे रीति रिवाजो, रूढ़ियों, अर्थव्यवस्था को कोसने का निम्मित हे। यह दिन न तो ऐतिहासिक भूलो पर भड़ास निकालने का संदेश देता हे और ना ही सारी गड़बड़ियों के लिए एक पक्ष को जिम्मेदार ठहराने और ना ही यह दिन कर्तव्यविमुख होकर गली चोपालो पर यह निर्णय सुनाने का हे की इस देश का कुछ नही हो सकता। जो केवल ऐसे ही विचारो से वास्ता रखते हे उन्हे स्वयं से पूछना चाहिए की गणतंत्र की मजबूती एवम सफलता के लिए उनका राष्ट्रीय योगदान क्या हे? उन्होंने अपना राष्ट्रीय कर्तव्य धर्म कितना निभाया ? जब बात स्वयं के विश्लेषण समीक्षा से प्रारंभ होगी तो समाधान भी निकलेगा और गणतंत्र पर गर्व करने का अवसर भी यह दिन उपलब्ध कराएगा किंतु इसके लिए प्रत्येक नागरिक को आईने के सामने खडे होकर अपने से ही सवाल जवाब करने होंगे। सबसे पहले प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता हे की वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शो, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे। प्रत्येक देशवासी का मौलिक कर्तव्य बनता हे की भारत की संप्रभुता, एकता व अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे। हमे यह याद जरूर रहता हे की हमे हमारी सुरक्षा का मौलिक अधिकार मिला हुआ हे पर देश की सुरक्षा और अखंडता की कितने लोग परवाह कर रहे हे ? देश की सेवा व रक्षा केवल सीमा पर जाकर या सैनिक बनकर ही नही हो सकती हे। देश के प्रति हमारी भक्ति को जगाने की आवश्यकता हे। आज जाती या धर्म के नाम पर बंटने और बांटने के स्थान पर हम क्यों नही अपने मौलिक कर्तव्य का पालन करते ? भूत और भविष्य को स्मृति में रखकर ही भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखा जा सकता हे। देश की रक्षा का अभिप्राय हे राष्ट्र की सेवा सभी लोगो में समरसता और समान भात्रत्व की भावना का निर्माण जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित भेदभाव से परे हो जिसमें प्रत्येक नागरिक को अपना दायित्व निर्वहन करना होगा यही इस राष्ट्रपर्व गणतंत्र दिवस की सीख भी है।



गौरव सोनी, मंदसौर

## वर्मी कम्पोस्टिंग प्रोजेक्ट हेतु छात्राओं ने किया भ्रमण

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि महाविद्यालय की ईको क्लब ईकाई द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विज्ञान संकाय की छात्राओं को एक दिवसीय वर्मी कम्पोस्टींग प्रोजेक्ट के अंतर्गत बरखेडापंथ में भ्रमण हेतु ले जाया गया जिसमें श्री प्रदीप शक्तावतजी द्वारा वर्मी कम्पोस्टींग की प्रक्रिया तथा इसके उपयोग के बारे में छात्राओं को जानकारी दी साथ ही डा. सचिन कारपेन्टर द्वारा जैविक खेती के तरीके के बारे में व विभिन्न प्रकार के पौधे प्राप्त करने हेतु ग्राफ्टिंग तकनीकी का उपयोग किस प्रकार करते है इसका प्रशिक्षण छात्राओं को दिया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 99 | 2199 | 2461 |
| उडद | 25 | 4501 | 6101 |
| सोयाबीन | 4000 | 3500 | 4280 |
| गैहु | 1617 | 2840 | 3080 |
| चना | 60 | 4300 | 5412 |
| मसुर | 41 | 5400 | 6000 |
| धनिया | 750 | 5800 | 7271 |
| लहसुन | 16000 | 1590 | 18000 |
| मैथी | 342 | 4800 | 6100 |
| मुंगफली | 860 | 3900 | 4900 |
| अलसी | 1200 | 5001 | 5990 |
| सरसो | 295 | 4601 | 5450 |
| तारामीरा | 6 | 4444 | 4661 |
| इसबगोल | 36 | 8001 | 11901 |
| प्याज | 5000 | 500 | 2166 |
| कलोंजी | 16 | 13000 | 17500 |
| तुलसी बीज | 2 | 8000 | 14600 |
| डॉलर | 20 | 5400 | 9702 |
| तिल्ली | 20 | 7000 | 10000 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 1 | 2000 | 2000 |
| असालीया | 151 | 7851 | 8900 |
| चियाबीज | 22 | 12000 | 14010 |

# महाकुंभ में भारी भीड़ उमड़ी, संगम से 15 किमी तक लगा जाम

## सुबह से 1.88 करोड़ लोगों ने स्नान किया, हाई अलर्ट जारी

**प्रयागराज, 28 जनवरी।** महाकुंभ का आज 16वां दिन है। दोपहर 12 बजे तक 1.88 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक करीब 16.64 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ को देखते हुए रातभर सभी विभागों के अफसरों ने कई राउंड मीटिंग की। भीड़ को कैसे संभालेंगे। सुरक्षा में क्या चुनौती आ रही है, उसका समाधान कैसे होगा इन्हीं मुद्दों पर मंथन हुआ।



आज सुबह फिर एडीजी जोन भानु भास्कर और कमिश्नर ने सभी विभागों के अफसरों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। डीएम, सीआरपीएफ, आईटीबीपी पुलिस, रेलवे आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। आज स्थिति ऐसी है कि सड़कें-गलियां सब भर गई हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि पार्किंग या स्टेशन से संगम पैदल आना पड़ रहा है। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर पुलिस रोक दे रही है। इधर-उधर 20 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। कई जगह भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। संगम से 15 किमी तक का एरिया जाम है। मेला क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैमरों से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। डीएम ने प्रयागराज के लोगों से अपील की है कि मेला क्षेत्र में आप लोग कार से न आएं। समर्थ हैं तो पैदल आएं, नहीं तो बाइक से आएं। इससे देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को जाम से नहीं जूझना पड़ेगा।

**भोर में जल्दी नहाने के लिए आज ही संगम पहुंचे श्रद्धालु**–मौनी अमावस्या से एक दिन पहले श्रद्धालु संगम पहुंच रहे हैं। यहां पर श्रद्धालु जगह-जगह पॉलीथिन बिछाकर लेट गए हैं। इस वजह से आज स्नान करने के लिए आ-जा रहे श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है। जो श्रद्धालु लेटे हैं, उनका कहना है कि कल भोर में जल्दी स्नान कर वो घर लौट जाएंगे।

**9 और पांटून पुल खोले गए**–मौनी अमावस्या से ठीक पहले प्रशासन ने पांटून पुल पर ट्रायल शुरू किया है। पांटून पुल 13, 14, 17, 18, 19, 20, 21, 22 श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए खोल दिया गया है। संगम तट से स्नान करके अखाड़े की तरफ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक नंबर का पांटून पुल भी खोला गया है इससे कि आने और जाने वालों की भीड़ ना हो सके। अनाउंस कर प्रशासन ने इसकी जानकारी दी है।

## नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जनसंवाद कार्यक्रम आज

**नीमच, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एसडीएम नीमच डॉ. ममता खेडे ने बताया, कि संयुक्त तहसील भवन कार्यालय नीमच के मिटिंग हॉल में आज 29 जनवरी 2025 को सायं 4 बजे विकसित भारत 2047 विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में नागरिकों की आकांक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं पर चर्चा कर प्रारूप तैयार किया जाना है। विकसित भारत 2047 विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में चर्चा के लिए एसडीएम ने नीमच के पत्रकारों, मीडियाकर्मियों से इस जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है। साथ ही नीमच के विभिन्न क्लबों, व्यापारी संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्षों से भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवक से ब्लेकमेलिंग कर ऐंठे पौने 3 लाख रुपए

## पुलिस ने महिला सहित 2 पर दर्ज किया प्रकरण

**पिपलियामंडी, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोशल साइड इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद ब्लेकमेलिंग कर धोखाधड़ी कर 267310 रुपए ऐंटने के मामले में पुलिस ने महिला सहित दो आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया। मल्हारगढ़ निवासी मयंक ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी इन्स्टाग्राम आईडी से मेरी पहचान शीतल महता (शां) पिता राजेश कुमार शाँ निवासी रविन्द्र नगर आकरा फाटक फुलताला महेशताला बरताला साउथ चोबिस परगना पश्चिम बंगाल हा.मु. डी 83 विकास कुंज नाला रोड उत्तम नगर केदार जनरल स्टोर्स के पास दिल्ली से मई 2024 में हुई थी। मेरी शीतल से इंस्टाग्राम से बातचीत हुई थी, जिससे हमारी अच्छी दोस्ती हो गई थी। मेरी अच्छी दोस्ती होने के कारण मुझे शीतल ने दिल्ली मिलने के लिये बुलाया था। मैं अगस्त 2024 में दिल्ली गया तो शीतल मुझे उसके किराये के घर जो की डी 83 विकास कुंज नाला रोड उत्तम नगर केदार जनरल स्टोर्स के पास था। वहां मैं शीतल से मिला था जहां मैं करीब 3 दिन उसके साथ रहा था साथ में रहने के दौरान उसने मुझे कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर नशे की हालत में मेरे साथ उसने शारीरिक संबध बना लिये थे। वहां शीतल ने मुझसे कहा था की मुझे रूपये की आवश्यकता है, तो मैंने शीतल को 30000/- रूपये देकर वापस अपने घर मल्हारगढ आ गया था। मेरे मल्हारगढ आने के बाद शीतल ने मुझे मोबाईल पर बताया की मैंने नशे कि हालत मैं तुम्हारे साथ न्यूड फोटो व विडियोग्राफ बना लिये है। अगर तुम मुझे पैसे नहीं दोगें तो मैं यह फोटो व विडियो सोशल मिडियो पर अपलोड कर दूंगी तो मैं डर के कारण मैं 06 सितम्बर 2024 में वापस शीतल के पास उसके घर दिल्ली में मिलने जाना पडा था वहां पर उसने मुझे डरा धमका कर उसके साथियों के साथ मिलकर जबरदस्ती मुझे नशीला पदार्थ खिलाकर मुझे वेदिक समाज कल्याण समिति 11, प्रताप विहार सेक्टर 12 विजय नगर गाजियाबाद ब्रांच 129 पूर्वा शंभू दयाल, बजरिया, गाजियाबाद लेकर गये तथा वहां पर मेरे साथ शीतल ने फोटो खिंचवाये तथा मैरीज के कागजो पर हस्ताक्षक करवा लिये थे। वहां उन्होने मेरे से 90000/- रूपये देकर वापस मल्हारगढ घर आया था। फिर शीतल बार-बार मुझे फोन लगाने लगी तो मैंने उसका फोन उठाना बंद कर दिया तो शीतल अक्टूबर 2024 में मंदसौर आकर मुझे फोन लगाया और बताया की मैं मंदसौर आ गई हूं अगर तुमने मुझे पैसे नही दिये तो मैं तुम्हारे घर आ जाऊंगी तो मैं डर के कारण शीतल से मिलने गया तो वह कृषि मण्डी के पास महाराज होटल में रूकी हुई थी तो शीतल ने मेरे से जबरदस्ती मुझे डरा धमका कर 30000/- रूपये ले लिये थे मैंने डर के कारण उसे पैसे दे दिये थे तो शीतल वापस दिल्ली चली गई थी। और थोडे दिन बाद मुझे वापस शीतल और उसके भाई जिसने अपना नाम तलहा बताया तथा उसने उसके मोबाईल नंबर 65 से व्हाटसअप काल आया और मुझे फोटो और विडियो वायरल करने की धमकी देकर मुझसे 200000/-रूपये और मांगने लगे तथा कहां की हमें तुम दिल्ली आकर पैसे देकर जाओ तो मैं डर के कारण इधर-उधर से पैसे कि व्यस्वस्ता कर के अक्टूबर 2024 में ही 50000/- रूपये देकर वापस आया था। फिर दिसम्बर 2024 में वापस शीतल के द्वारा धमकी देने कारण मैं उसे 20000/- रूपये देकर आया था। इसके अलावा भी मैंने शीतल को अलग-अलग फोन पै पर दिनांक 03.10.2024 को 5000/- रूपये तथा दिनांक 15.10.24 को 5000/-रूपये तथा दिनांक 15.11.24 को 5910/- रूपये तथा दिनांक 22.11.24 को 500/-रूपये तथा दिनांक 17.12.24 को 5000/- रूपये तथा दिनांक 26.10.24 को 10000/- रूपये तथा दिनांक 28.10.24 को 15000/- रूपये तथा दिनांक 28.10.24 को 400 रूपये तथा दिनांक 01.11.24 को 500 रूपये अलग-अलग ट्रांसफर किय थे। शीतल ने दिनांक 07.01.2025 को उसने मेरे साथ खीचें हुवे फोटोग्राम उसकी आईडी पर अपलोड कर मुझे बताया की मैंने यह फोटो अपलोड किये है अगर तुमने मुझे 500000/- रूपये और नही दिये तो अपने दोनो के न्यूड फोटोग्राफ व विडियों भी अपलोड कर दूंगी। मेरे पास कई बार फोन किया। अभी तक 267310 रुपए मुझे डरा धमकाकर ऐंठ लिए है। फिर भी शीतल और उसका साथी तलहा ने मेरे ओर उसके न्यूड फोटो ग्राफ सोशल मिडिया पर अपलोड करने कि धमकी दे रहे है तथा मेरे से और 500000/- रूपये की मांग कर रहे है। मल्हारगढ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया कि मल्हारगढ पुलिस ने शीतल व उसके साथी पर धोखाधडी व ब्लेकमेलिंग की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# चिकलाना में करियर मेला लगा, विषय विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**ढोढर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिकलाना में कॅरियर मेला आयोजित किया गया एमपी पीएससी से फारेस्ट रेंजर के पद पर चयनित विनोद ओरा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए सिविल सर्विसेज परीक्षा संबंधी जानकारी दीं स्कूली शिक्षा के साथ ही मनपसंद कॅरियर का चयन कर निरंतर मेहनत की सलाह दीं श्री ओरा ने सभी संकायों में कॅरियर बनाने के समान अवसर बताते हुए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत से सफलता प्राप्त होने की बात कहीं कालूखेड़ा हायर सेकेण्डरी प्राचार्य शिवनारायण चौधरी ने विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों का विकास करते हुए 10 वी 12 वी के बाद विभिन्न करियर आप्शन्स के बारे में जानकारी दीं बरखेडी हासे प्राचार्य शबनम पठान, पिंगराला हाई स्कूल प्राचार्य बोथलाल मीणा एवं सरपंच प्रतिनिधि गड्डूसिंह चंद्रावत भी अतिथि के रूप में मंचासीन रहें कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने सरस्वती पूजन कियां प्राचार्य श्रीमती अंजूमबानो ने स्वागत भाषण देते हुए कॅरियर मेले के उद्देश्य एवं छात्रों को सही करियर विकल्प चयन के लिए टिप्स दिऐं कॅरियर मेले में वर्षभर संस्था में हुई खेल, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टप्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भी प्रदान किये गऐं इस दौरान हासे रियावन प्राचार्य मोहन लाल सांसरी, ढोढर हासे प्राचार्य आरती सिसोदिया, संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लक्ष्मी नारायण पपोंडिया एवं दशरथ माली ने सयुंक्त रूप से किया एवं अंत में आभार संस्था प्राचार्य श्रीमती अंजूमबानो ने माना।

# मप्र में निवेश की अनंत संभावनाएं-मुख्यमंत्री

## जापान में टोयोटा के वरिष्ठ अधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर की चर्चा

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के पहले दिन टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने श्री तोशियूकी नाकाहारा महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन और श्री मासाहिरो नोगी परियोजना महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन के साथ व्यापारिक संभावनाओं के निवेश के अवसरों पर गहन चर्चा की।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन बताते हुए राज्य की प्रमुख विशेषताओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के केंद्र में स्थित है, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम के लिए एक आदर्श केंद्र बिंदु बनता है। हमारे पास विशाल औद्योगिक भूमि बैंक, कुशल युवा कार्यबल और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा है। खासतौर पर पीथमपुर ऑटोमोबाइल क्लस्टर तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की शांतिपूर्ण और आपदा-रहित स्थिति पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, जापान की तरह ही शांति और स्थिरता के लिए प्रसिद्ध है। राज्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित है, जो इसे निवेश के लिए और भी अनुकूल बनाता है। यहां की सरल और परिश्रमी जनता, तकनीकी कौशल और व्यवसाय के लिए प्रतिबद्धता के साथ उद्योगों को उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोयोटा को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया और विशेष रूप से तकनीकी नौकरियों में युवाओं के प्रशिक्षण और सशक्तिकरण के लिए संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, टोयोटा के लिए अपनी सुविधाएं स्थापित करने और व्यावसायिक विस्तार के लिए एक आदर्श स्थान है। हमारी उद्योग नीतियां निवेश प्रोत्साहन और भूमि उपलब्धता और वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में सहायक हैं। टोयोटा के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिवेश और निवेश-अनुकूल माहौल की सराहना की और राज्य के साथ साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह दौरा 'इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश' अभियान का प्रमुख हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में भोपाल में आयोजित होने वाले 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह बैठक भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को सशक्त करने और मध्यप्रदेश को एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और सशक्त कदम है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस के लिये किया आंमत्रित**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24-25 फरवरी, 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली है। यह दो दिवसीय समिट मध्यप्रदेश के निवेश, जलवायु और औद्योगिक अवसंरचना के बेहतर प्रजेंटेशन के उद्देश्य से आयोजित की गई है। यह समिट निवेश में संभावित सहयोग के लिए कई अवसर प्रदान करेगा। यह मंच वैश्विक नेताओं, उद्योगपतियों और विशेषज्ञों के लिए एक अवसर होगा, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों और प्रवृत्तियों पर अपने विचार साझा करेंगे और मध्यप्रदेश के निवेश संभावनाओं को अधिकतम करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने इंवेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में जापान के उद्योगपतियों को भागीदारी के लिये आंमत्रित किया।

## ओबीसी रिजर्वेशन पर मप्र हाईकोर्ट का बड़ा फैसला...

# 27 प्रतिशत मिलेगा आरक्षण, 87:13 का फार्मूला रद्द

**जबलपुर, 28 जनवरी।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने यूथ फॉर इक्वलिटी की वह याचिका मंगवार को निरस्त कर दी, पूर्व में जिसकी सुनवाई करते हुए 87 : 13 का फार्मूला तैयार किया गया था। इसी के साथ राज्य में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड पर भी अनहोल्ड किए जाने का पथ प्रशस्त हो गया है। साथ ही ओबीसी आरक्षण को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का भी पटाक्षेप हो गया है।

**87 : 13 का फार्मूले के कारण शेष पदों पर लंबित थी भर्तियां**–वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि महाधिवक्ता के अभिमत के कारण चार अगस्त, 2023 को हाई कोर्ट ने समस्त भर्तियों में 87 : 13 का फार्मूला लागू किया था। हाईकोर्ट का यह आदेश राज्य में आरक्षण से संबंधित विवाद को समाप्त करने और भर्ती प्रक्रिया को सुचारु रुप से शुरु करने के लिए एक अहम कदम है। इससे सरकार को आरक्षण नीति के तहत काम करने की स्पष्टता मिलेगी और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही प्रदेश में रुकी हुई सभी भर्तियों को अनहोल्ड करने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार अब ओबीसी आरक्षण के तहत 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करते हुए भर्तियों को तेजी से आगे बढ़ा सकती है। इससे ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को बड़ा लाभ मिलेगा, जो लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे।

**27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को चुनौती दी गई थी**–यूथ फार इक्वलिटी द्वारा दायर याचिका में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यह आरक्षण संविधान के प्रविधानों का उल्लंघन करता है और समानता के अधिकार को प्रभावित करता है। हाई कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए याचिका को अस्वीकार कर दिया। हाई कोर्ट ने मंगलवार के आदेश में चार अगस्त, 2023 के आदेश को रद्द कर दिया और स्पष्ट किया कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। कोर्ट के इस फैसले के बाद राज्य में रुकी हुई सभी भर्तियों को फिर से शुरु करने का रास्ता साफ हो गया है। इस फैसले से उन लाखों उम्मीदवारों को राहत मिलेगी, जिनकी भर्तियां कोर्ट के आदेश के चलते होल्ड पर थीं।

**87 : 13 का फार्मूले से भर्तियां ठप**–चार अगस्त 2023 को हाई कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के तहत राज्य सरकार को 87 : 13 का फार्मूला लागू करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद प्रदेश की सभी भर्तियां ठप हो गई थीं।

सरकार ने यह फार्मूला महाधिवक्ता के अभिमत के आधार पर तैयार किया था, जिसके तहत 87 प्रतिशत सीटें अनारक्षित और 13 प्रतिशत सीटें ओबीसी के लिए रखी गई थीं। इससे 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों में आक्रोश था।

# सत्य और सनातन धर्म का लगातार अपमान ही कांग्रेस का असली चरित्र-गुर्जर

## युवा मोर्चा एवं अजा मोर्चा ने खड़गे का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला व मंडल मुख्यालयों पर सनातन धर्म को बदनाम करने को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे का पुतला दहन भाजयुमो एवं अ.जा. मोर्चा के बेनर तले किया गया। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील पटेल, अ.जा.मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में जिले से समस्त भाजपा संगठनात्मक मंडलों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडंगे का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। पुतला दहन के इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने जिला मुख्यालय मंदसौर एवं गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया ने भानपुरा में पुतला दहन कार्यक्रम में सहभागिता की।



इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि कॉंग्रेस ने श्री राम मंदिर क़े अस्तित्व पर भी प्रश्न चिन्ह लगाए थे एक बार फिर कांग्रेस ने करोडो हिन्दुओं की आस्था के प्रतिक महाकुंभ पर ग्रहणित बयान देकर अपनी हिन्दू संस्कृति विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। अपने ऐसे दौगले चरित्र के कारण ही आज वही कांग्रेस ओर उसके नेता अपना अस्तित्व बँचाने क़े लिए दर दर भटक रहे है। यह बात आमजन ओर देश क़े जागरूक मतदाता जान चुके है उनके बहकावे मे नहीं आने वाले है। कॉंग्रेस सदैव से सत्य ओर सनातन की घोर विरोधी रही है, यह मानसिकता समय समय पर कांग्रेस ओर उसके नेताओ द्वारा समय समय प्रणाम उजागर हो ही जाती है। ज़ब-ज़ब चुनाव आता है तो कांग्रेस बहरुपिया की तरह भगवा ओढ़ कर छल करने आती है ओर उसका बस चले तो राहुल गाँधी को कोट क़े ऊपर जनेऊ पहनाकर नकली चुनावी हिन्दू बनाने का कार्य करती है। गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया ने कहा कि कांग्रेस सदैव सनातन धर्म पर एवं उनके मठ मंदिरों पर ही हमेशा सवाल उठाती चली आई है कांग्रेस के लोग राजनीति नहीं सनातन धर्म को नष्टकरने के लिए सदैव अनाप-शनाप बयान बाजी करते नजर आते हैं देश भर के करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र महाकुंभ पर इस तरह का टिप्पणी करना बेहद ही उनकी मंद बुद्धि का प्रमाण है आज जहां देश के कोने-कोने से लोग महाकुंभ में मां गंगा त्रिवेणी संगम पर पहुंच रहे हैं यह एक देश की एकता अखंडता और धर्म की पताका को उंच्चा करने का अवसर है प्रयागराज महाकुंभ में आज देश के कौन है कौन से करोड़ों लोग अपनी आस्था विश्वास और अपने सनातन धर्म का पालन के लिए वहां पहुंच रहे हैं जिस पर प्रशासन ने पूरे पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं लेकिन उसके बावजूद कांग्रेस के लोग सुर्खियों पर बने रहने के लिए उसे पर अपनी राजनीति की रोटी सेक रहे ऐसे धर्म सामाजिक कार्यक्रमों में हर राजनीतिक दल को बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देना चाहिए ना की सनातन धर्म के आयोजनों पर प्रश्न चिन्ह रूपी टिप्पणी करना चाहिए।

भाजयुमों एवं अजा मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे द्वारा सनातन धर्म की आस्था क़े केंद्र कुम्भ मेले को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई, जिससे सनातन धर्म का अपमान किया है, उसी तारतम्य मे सनातन विरोधी कांग्रेस क़े अध्यक्ष का पुतला दहन भाजपा युवा मोर्चा एवं अजा मोर्चा द्वारा मंदसौर जिले क़े प्रत्येक मण्डल मे किया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खांगड़े सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य देकर गंगा में स्नान कर रहे सभी भक्तों को अपमानित कर रहे हैं इस प्रकार के वक्तव्य देकर सनातन धर्म का विरोध नहीं किया जा सकता दिन रात सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी बराबर प्रयागराज संगम की व्यवस्थाओं पर अपनी नजर बनाए हुए हैं श्रद्धा भाव से लोग लाखों की संख्या में स्नान कर रहे हैं और मैं कहता हूं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूरी कांग्रेस को गंगा महाकुंभ में जाना चाहिए डुबकी लगाना चाहिए ताकि कांग्रेस के पाप धुल सकें। जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी गण सहित कार्यकर्ता एवं आम जन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# शिववास और सिद्धि योग में आज मनेगी मौनी अमावस्या

**ग्वालियर, 28 जनवरी।** साल की पहली मौनी अमावस्या 29 जनवरी, बुधवार को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि इस मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान होगा। यही कारण है कि इसे और भी खास माना जा रहा है। इस दिन शिववास और सिद्धि योग भी बनेगा। अमावस्या तिथि पर गंगा स्नान के साथ-साथ दान-पुण्य करने का काफी महत्व माना गया है।

**मौनी अमावस्या शुभ मुहूर्त**–✻ माघ अमावस्या तिथि का आरंभ: 28 जनवरी, शाम सात बजकर 35 मिनट से। ✻ माघ अमावस्या तिथि की समाप्ति: 29 जनवरी, सायं काल छह बजकर पांच मिनट पर। ✻ उदयातिथि के अनुसार 29 जनवरी को माघी या मौनी अमावस्या मानी जाएगी।

**मौनी अमावस्या पर करें पेड़-पौधों की पूजा**–इस दिन स्नान-ध्यान कर भगवान शिव की पूजा की जाती है। पूजा के बाद दान-पुण्य भी कर सकते हैं। अमावस्या के दिन पेड़-पौधों की पूजा करने से पितरों का आशीर्वाद बना रहता है। अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ की पूजा करना काफी शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पीपल के मूल में भगवान विष्णु, तने में शिव जी और अग्रभाग में ब्रह्माजी का वास होता है। ऐसे में आप मौनी अमावस्या के दिन पीपल की पूजा कर उसमें दूध चढ़ाएं और सात बार परिक्रमा करें। इसी के साथ पितरों को याद करते हुए दीपक जलाएं। मौनी अमावस्या के दिन बेलपत्र की विधिवत पूजा-अर्चना करें और जल चढ़ाएं। इससे जीवन में अच्छे परिणाम मिलने लगते हैं।

**मौनी अमावस्या के कारण भीड़ इतनी कि झांसी से रैक लाकर चलानी पड़ी स्पेशल ट्रेनें**–महाकुंभ में आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए हजारों की संख्या में अंचलभर से श्रद्धालु प्रयागराज के लिए रवाना हो रहे हैं। यही कारण है कि रविवार और सोमवार की शाम को स्टेशन के चारों प्लेटफार्मों पर पैर रखने की जगह नहीं मिली। रविवार को कैलारस से आने वाली मेमू ट्रेन से ग्रामीणों की भीड़ स्टेशन पर पहुंची। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय अधिकारियों ने तत्काल ही झांसी मंडल को सूचना दी। झांसी से विशेष रूप से 14 कोच का रैक ग्वालियर भेजकर स्पेशल ट्रेन चलाई गई, जिससे तीन हजार से अधिक श्रद्धालु रवाना हुए। वहीं सोमवार को एक-एक घंटे के अंतराल से तीन अनारक्षित ट्रेनें प्रयागराज के लिए रवाना की गईं। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते सोमवार की शाम को ऐसे हालत बने कि लोगों को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ को प्लेटफार्म क्रमांक एक के दोनों गेट बंद करने पड़े। रेलवे ने शाम 6:20 बजे एक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन रवाना की। इसके बाद साढ़े सात बजे दूसरी ट्रेन भेज दी गई। इसके बाद भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु स्टेशन पर मौजूद थे और उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेस में कब्जा जमाना शुरू कर दिया। इसके चलते स्टेशन पर विशेष रूप से अनाउंसमेंट कराया गया कि रात 11 बजे एक और ट्रेन प्रयागराज के लिए रवाना होगी ताकि श्रद्धालु बुंदेलखंड एक्सप्रेस के आरक्षित कोचों में ना घुसें। इसके बावजूद श्रद्धालओं की भीड़ इतनी थी कि वे बुंदेलखंड एक्सप्रेस के एसी कोचों तक में घुस गए।

## एमपी बोर्ड परीक्षा:नहीं मिलेगी... पेज 1 से जारी

गई तो ऐसी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा, बल्कि नकल का केस दर्ज होगा। ✻ परीक्षा के दौरान इसका भी ध्यान रखा जाएगा कि उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी या टूटी होने पर किसी भी विद्यार्थी को वितरित न की जाए।


**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 101/2025 दिनांक 28.01.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा अशोक पिता दुर्गाशंकर जोशी, जाति नायक, निवासी ग्राम गुराड़िया देदा, तहसील व जिला मंदसौर से आवासीय भूमि सर्वेक्रमांक 300(बी), भूखण्ड क्रमांक 557(पी) पटवारी हल्का नं. 00003 पर दर्जहोकर पता ग्राम गुराड़िया देदा, तहसील व जिला मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड स्वत्व त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी 15 आईजीआर 17852025ए100053948 दिनांक 28.01.2025 से मेरे पक्षकार चंदाबाई पति अशोक जाति नायक, निवासी ग्राम गुराड़िया देदा, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-रमेश पाटीदार का मकान, उत्तर में-रामप्रसाद नायक का मकान, दक्षिण में-बगदीराम सेन का मकान, पैमाईश रकबा-97 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**

**उज्जैन मण्डल, उज्जैन कोठी महल के पीछे, उज्जैन (म.प्र.)**

Telephone-0734-2510919, Email-seresujjain@mp.gov.in

क्रमांक/94/तक./ग्रायांसे/2025 उज्जैन, दिनांक-23.01.2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-14/2024-25**

उज्जैन मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्रं. | जिले का नाम | ऑनलाईन टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मंदसौर | 2025_RES_393644 | .श्री देवधर्मराज मंदिर (देवनारायण) ग्राम चंदवासा | 97.93 |

उपरोक्त निविदाओं का निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 28.01.2025 से प्रातः 10.00 से उपलब्ध होगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03.02.2025 समय 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 05.02.2025 को कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन में खोली जावेगी।

(पवन बैरागी)
अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उज्जैन मण्डल, उज्जैन

G-22271/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in